**09/09**/2025

आकाशवाणी ईटानगर

एनडीए उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन कुल 452 वोटों के साथ भारत के 15वें उपराष्ट्रपति चुने गए हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवार ने इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी के खिलाफ चुनाव लड़ा। संसद भवन में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ, जहाँ सांसदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा देने के बाद उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव आवश्यक हो गया था।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए पहले से स्वीकृत 12,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त 1600 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है। एसडीआरएफ और पीएम किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से जारी की जाएगी। उन्होंने बाढ़ और प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाढ़ के कारण अनाथ हुए बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत व्यापक सहायता प्रदान की जाएगी।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने राज्य के लोगों, विशेषकर खोवा समुदाय को फाम खो सोवाई उत्सव के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह उत्सव सभी के लिए अच्छी फसल, समृद्धि और खुशियाँ लेकर आएगा। अपने संदेश में, राज्यपाल ने कहा कि त्यौहार हमारे समुदायों की आत्मा हैं। ये दर्शाते हैं कि हम कौन हैं, हम क्या संजोते हैं और हम अगली पीढ़ी को कौन से मूल्य सौंपते हैं। अरुणाचल प्रदेश में, जहाँ कृषि जीवन का केंद्र है, यहां के त्यौहार भूमि की लय में गहराई से निहित हैं।

000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य के दिबांग वैली ज़िले के मायोदिया में एक नई आर्किड प्रजाति हेमिपिलिया बेसिफ़ोलिएटा की उल्लेखनीय खोज पर डॉ. कृष्णा चाउलू और उनकी टीम को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री खांडू ने ज़ोर देकर कहा कि भारत के आर्किड वनस्पतियों में यह वृद्धि हमारे राज्य की समृद्ध जैव विविधता और हमारे शोधकर्ताओं के समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ न केवल अरुणाचल प्रदेश के लिए गौरव की बात हैं, बल्कि हमारी प्राकृतिक विरासत की रक्षा और संरक्षण के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी को भी पुष्ट करती हैं।

000000000000000000000000

राज्य के शहरी मामलों के मंत्री, बालो राजा ने आज केंद्रीय आवास, शहरी मामलों और जलशक्ति मंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग लिया। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का उद्देश्य आगामी 17 सितंबर को शुरू होने वाले स्वच्छता ही सेवा 2025 की योजना और तैयारी संबंधी व्यवस्थाओं पर चर्चा करना था। स्वच्छता ही सेवा 2025 की थीम, "स्वच्छोत्सव", का उद्देश्य सामूहिक प्रयासों के माध्यम से सफाई और स्वच्छता को बढ़ावा देना है। बैठक में मंत्री ने स्वच्छता ही सेवा 2025 के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने सभी हितधारकों से इस पहल की सफलता में योगदान देने और 25 सितंबर को होने वाले राष्ट्रव्यापी श्रमदान, 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' में भाग लेने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के सहयोग से आगामी राज्यव्यापी मॉक अभ्यास की तैयारी के लिए आज सभी प्रमुख हितधारकों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित की। जिसमें घटना प्रतिक्रिया दल, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, सशस्त्र बलों और अन्य हितधारकों के सदस्यों ने भाग लिया।

इस मोक ड्रील में भूकंप, भूस्खलन और हिमनद झील के से होने वाली बाढ़ के परिदृश्यों का अनुकरण करते हुए यह राज्य-स्तरीय मॉक अभ्यास आगामी 17 सितंबर को टेबल-टॉप अभ्यास और 18 सितंबर को फिजिकल मॉक अभ्यास राज्य के सभी जिलों में एक साथ आयोजित किया जाएगा।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सभी शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में POCSO और बाल अधिकार जागरूकता के कार्यान्वयन की सिफ़ारिश के बाद, अपर सियांग ज़िला प्रशासन ने प्रशासनिक चौकियों सहित पूरे ज़िले में जागरूकता सत्रों की एक श्रृंखला शुरू की है। इसी के तहत कल सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए यिंगकिओंग ज़िले के ज़िला मजिस्ट्रेट कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में POCSO और बाल अधिकारों के कार्यान्वयन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डेप्यूटी डाइरेक्टर, आईसीडीएस, इने पर्तिन की देखरेख में आयोजित किया गया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 12 जिलों ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पापुम पारे, क्रा-दादी, कामले, लोअर सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोगंदिंग के लिये अगले 24 घंटों मे ग़रज के साथ बोजली गिरने और तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000